कक्षाएँ 1 और 2

Public education
Discover a world of opportunities

विज्ञान: घर पर सीखना

बगीचे में विज्ञान

पानी में खेल

- अपने बच्चों को यह सोचने के लिए कहें कि पानी कहाँ से आता है और यह कहाँ जाता है। उन्हें एक ठोस सतह पर पानी फेंक कर या स्प्रे करके और फिर पानी के गायब हो जाना देखकर उनके विचारों की जांच करें।
- इस बारे में बात करें कि कैसे पानी से गीला होने के बाद वस्तुएँ सूखती हैं।
- कार धोयें। अपने बच्चों को होज़ (पाइप) से आने वाले पानी की गति को महसूस करने दें। साबुन के साथ बुलबुले बनाएँ। निम्न प्रकार के सवाल पूछें: *पानी और कीचड़ कहाँ गया?*
- हैंड टावल (छोटे तौलिए) का एक सिरा पानी में डालें और दूसरा सिरा ज़मीन पर रहने दें। पांच मिनट बाद डिश (बर्तन) में पानी के स्तर की जाँच करें और अपने बच्चों से सवाल पूछें जैसे कि: *बर्तन में कितना पानी बचा है?* और *ऐसा क्यों हो रहा है?*

चाँद

- महीने में हर रोज़ चाँद देखें। अपने बच्चों को उन्हें दिखाई देने वाला आकार चित्रित करने के लिए कहें और इस बारे में उनसे बात करें कि एक रात से दूसरी रात इन आकारों में परिवर्तन क्यों होता है। उन्हें आकार का वर्णन करने के लिए कहें, उदाहरणत: *अर्धचन्द्राकार, एक चौथाई भाग, आधा और पूरा।* पता लगाएँ कि उन दो रातों में कितने दिनों का अंतर है जिनमें चाँद पूरा दिखाई देता है।
- दूरबीन का प्रयोग करें और अपने बच्चों को बारी-बारी दूरबीन से देखने के लिए कहें और उन्हें चाँद का वर्णन और अधिक विस्तार से करने के लिए कहें, उदाहरणत: कटोरे की आकृति के गड्ढे।

Department of
Education

आपको और अधिक जानकारी
education.wa.edu.au पर
होम सूचना-पत्रकों पर मिलेगी।

© Department of Education, Western Australia, 2015
CC BY